Lagatar

# Adityapur : आदित्यपुर-गम्हरिया में वर्षों से नकली अंग्रेजी शराब पी रहे थे लोग




**Adityapur (Sanjeev Mehta) :** विगत कई माह से जिले के एसपी के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाई जा रही है. इसमें इस बात का खुलासा हो रहा है कि जिले में वर्षों से नकली अंग्रेजी शराब का धंधा जोरों से चल रहा है. वर्षों से यहां के लोग नकली अंग्रेजी शराब पी भी रहे हैं. पिछले दो दिन में दो जगहों पर छापेमारी में इसका खुलासा हुआ है. शनिवार की रात गुप्त सूचना पर गम्हरिया थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव में गोविंदा कैवर्त और आशीत कैवर्त के छापामारी की गई. दोनों के यहां नकली अंग्रेजी शराब बनाने की फैक्ट्री मिली है. एसपी के निर्देश पर सरायकेला एसडीपीओ नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया.

Source: https://lagatar.in/adityapur-people-were-drinking-fake-english-liquor-in-adityapur-gamhariya-for-years/#google_vignette